77

499525

D 102999

(Pages : 2)

Name.......................................

Reg. No..................................

# FOURTH SEMESTER (CBCSS-UG) DEGREE EXAMINATION APRIL 2024

Common Course—Hindi

A 10—NOVEL AND SHORT STORIES

(2019 Admission onwards)

Time : Two Hours and a Half

Maximum : 80 Marks

## Part A

I. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 2 है । आपको अधिकतम् 25 अंक मिल सकते हैं :

1 ईदगाह किसकी लिखी कहानी है ? इसके पात्र हामिद की दादी माँ का क्या नाम है ?

2 'जज का फैसला' कहानी का मुख्य प्रतिपाद्य क्या है ?

3 'अपराध' कहानी के छोटे भाई के मन में किस घटना को लेकर अपराध बोध जागता है ?

4 'तुम्हारी उँगलियाँ तवे से जल जाती थीं इसलिए मैंने इसे ले लिया' । यह प्रसंग किस कहानी का है ? इस प्रसंग का वक्ता कौन है ?

5 'मिस्टर ! आपकी पत्नी के प्राण तो बच जायेंगे पर मुझे दुख है...उसका एक पैर, एक आँख दोनों जाते रहेंगे, मुँह भी कुछ टेढा हो जाएगा' । यह प्रसंग किस कहानी से उद्धृत है ? इसका रचनाकार कौन है ?

6 'अपराध' कहानी के बडे भाई को पिताजी क्यों पीटते हैं ?

7 कुर्बान भबाई और गोम्या हाली के बीच किस बात को लेकर झगडा होता है ?

8 'ये फैशन-वैशन, जिसके आगे आप लोग चक्कर लगाया करते हैं, उसके आगे पाँव की धूल है । मुझे व्यर्थ पैसा नहीं खर्च करना है' । यह प्रसंग किस कहानी का है ? इस प्रसंग का वक्ता कौन है ?

9 परसा चमार गाँव की वृद्धा माँ की मरी भैंस को उठाने के लिए क्यों तैयार नहीं होता ?

10 महेंद्र किस कहानी का पात्र है ? इस कहानी का लेखक कौन है ?

Turn over



Scanned with OKEN Scanner

11 टी.वी. चानलों पर रूचि के कौन से कार्यक्रम प्रसारित होते हैं ? उन कार्यक्रमों के नाम क्या-क्या हैं ?

12 सर्वेश नारंग के बेटे का क्या नाम है ? उसकी मृत्यु कैसे हुई ?

13 सर्वेश नारंग की पहली पत्नी का क्या नाम है ? वह क्या काम करती है ?

14 रेस्तरां में सर्वेश और रूचि के बीच किस बात को लेकर झगडा होता है ?

15 'पार्टीशन' कहानी का रचनाकार कौन है ? इसमें किस समस्या का चित्रण हुआ है ?

(25 marks)

## Part B

II. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 5 है । आपको अधिकतम् 35 अंक मिल सकते हैं :

16 'अपराध' कहानी के छोटे भाई की मानसिकता का परिचय दीजिए ।

17 'ईदगाह' के हामिद का चरित्र चित्रण कीजिए ।

18 'पिता' कहानी के पिता की स्वभावगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

19 सर्वेश नारंग का परिचय दीजिए ।

20 'एम. डाटकॉम' में चित्रित दलितों के वर्तमान जीवन स्तर पर प्रकाश डालिए ।

21 'पार्टीशन' कहानी में चित्रित समस्याओं की विवेचना कीजिए ।

22 'सपनों की होम डिलिवरी' के गगन का परिचय दीजिए ।

23 'जज का फैसला' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए ।

(35 marks)

## Part C

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का अंक 10 है :

24 'सपनों की होम डिलिवरी' की रूचि शर्मा का चरित्र चित्र६ण कीजिए ।

25 'ईदगाह' कहानी का सारांश लिखिए ।

26 'पिता' कहानी की समीक्षा कीजिए ।

27 देश के बंटवारे के बाद समाज में फैले वैमनस्य को चित्रित करने में 'पार्टीशन' का रचनाकार कहाँ तक सफल हुआ है ? स्पष्ट कीजिए ।

(2 × 10 = 20 marks)



Scanned with OKEN Scanner